राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज

राजस्थान पुलिस अकादमी में इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज विषय पर दिनांक 20.02.2017 से 03.03.2017 तक नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद एवं सी–डेक, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित कोर्स आयोजन किया गया।

इस कोर्स में राजस्थान पुलिस के 01 उप अधीक्षक पुलिस, 11 पुलिस निरीक्षक व 29 पुलिस उप निरीक्षक स्तर के कुल41अधिकारीप्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें साईबर अपराधों के अनुसंधान विषय पर विभिन्न व्याख्याताओं श्री पी. विमलादित्य, आईपीएस, सहायक निदेशक(आईटी), एनपीए, हैदराबाद, डॉ. दिगम्बर पोवार, सीनियर कन्सल्टेन्ट, सी–डेक, श्री विक्रम कुमार, कन्सल्टेन्ट, सी–डेक, श्री विनय जैन, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सी–डेक, मोहम्मद आरिफ अली खान, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सी–डेक, सुश्री सुहासिनी के., प्रोजेक्ट इंजीनियर, सी–डेक, श्री नरेन्द्र पंवार,प्रोजेक्ट इंजीनियर, सी–डेक, श्री निशीथ दीक्षित, एडवोकेट साईबर लॉ, राजस्थान हाईकोर्टद्वारा प्रमुख साईबर अपराधों के बारे में बताते हुए कम्प्यूटर बेसिक से कम्प्यूटर नेटवर्किंग, ऑपन सॉर्स इन्टेलिजेन्स, ई–मेल इन्वेस्टिगेशन, आईपी ग्रेबिंग, इमेजिंग व हैशिंग का इन्वेस्टिगेशन में रोल, एविडेंस आईडेन्टिफिकेशन कलेक्शन व प्रिजर्वेशन, लाईव फॉरेंसिकस, बेसिक ऑफ डाटा स्टोरेज,

विंडोज फॉरेंसिक्स, डाटा करविंग, मोबाईल फोन टेक्नोलोजी व इन्टरसेप्शन ऑफ मोबाईल फॉन कॉल, सर्च व सीजर ऑफ डिजिटल/नेटवर्क डिवाईसेज, सीडीआर, आईपीडीआर एनालेसिस, सोसियल मीडिया संबंधी साईबर क्राईम, नेटवर्क अटैक्स, अपराधों का अनुसंधान विषयों पर व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन, जयपुर का भ्रमण भी करवाया गया। कोर्स के दौरान प्रतिभागियों को विषय पर तकनीकी ज्ञान के अलावा राईट ब्लॉकर की मदद से संदिग्ध हार्डवेयर की हैश वैल्यू निकालना, इमेज बनाना, इमेज का डेटा विश्लेषण करना, विभिन्न फोरेन्सिक टूल्स् की मदद से संदिग्ध हार्डवेयर का डिलिट किया हुआ डेटा रिट्रीव करना, कॉलडिटेल का विश्लेषण करना, इलेक्ट्रोनिक्स साक्ष्य को जप्त कर सील करना आदि का अभ्यास भी करवाया गया।कोर्स के समापन पर महानिदेशक पुलिस, राजस्थान श्री मनोज भट्ट द्वारा प्रतिभागियों को उद्बोधन प्रदान कर उन्हे प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर एडीजीपी, एससीआरबी श्री कपिल गर्ग, एडीजीपी, ट्रेनिंग श्री नन्दकिशोर व राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव दासोत भी उपस्थित थे। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री दिलीप सैनी, सहायक निदेशक (स्पेशल कोर्स एवं सीओई) तथा सहायक कोर्स डायरेक्टर श्री नन्द कुमार कटेवा, प्रोग्रामर थे।